यूपी पर्यटन के पवेलियन को मिला अवॉर्ड

लखनऊ। जयपुर में आयोजित तीन दिवसीय ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार (जीआईटीबी) के 13वें संस्करण में उत्तर प्रदेश पर्यटन के पवेलियन को बेस्ट बूथ डिजाइन का फर्स्ट रनर अप अवॉर्ड मिला।

पुरस्कार लेते रवि रंजन। -विभाग

राजस्थान में पर्यटन विभाग, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर में पांच से सात मई तक चले कार्यक्रम में राज्य पर्यटन निगम (यूपीटीडीसी) के एमडी रवि रंजन ने राजस्थान पर्यटन की प्रमुख सचिव, गायत्री राठौर से पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर उपनिदेशक उत्तर प्रदेश पर्यटन, प्रीति श्रीवास्तव भी मौजूद थीं। ब्यूरो